भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 6312**

जिसका उत्तर 02.04.2026 को दिया जाना है

**उत्तर दिनाजपुर में एनएच-27 पर मरम्मत कार्यों की खराब गुणवत्ता**

†6312. श्री कार्तिक चन्द्र पॉल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (एन एच -27) के दलखोला-घोषपुकुर खंड की मरम्मत/रखरखाव के लिए दी गई निविदाओं का कार्यान्वयन एजेंसी के नाम, ठेका मूल्य और पूर्ण होने की अवधि सहित ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मरम्मत किए गए खंड के कुछ हिस्से पूरा होने के कुछ ही दिनों के बाद खराब हो गए और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा इस संबंध में कोई निरीक्षण, गुणवत्ता की जांच या तृतीय-पक्ष सत्यापन किया गया है;

(घ) क्या घटिया काम के लिए संबंधित एजेंसी के खिलाफ कोई कारण बताओ नोटिस, जुर्माना, ब्लैकलिस्टिंग या वसूली की कार्यवाही शुरू की गई है;

(ङ) राजमार्ग की घटिया मरम्मत के मामले में सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध क्षतिपूर्ति तंत्र का ब्यौरा क्या है; और

(च) उत्तर दिनाजपुर में एनएच-27 पर रखरखाव कार्यों को टिकाऊ बनाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-27 के दलखोला-घोषपुकुर खंड के लिए दी गई मरम्मत/रखरखाव निविदाओं का विवरण संलग्न है, जिसमें निष्पादन एजेंसी का नाम, अनुबंध मूल्य, प्रारंभ तिथि और पूर्ण होने की तिथि शामिल है।

(ख) मरम्मत किए गए खंडों के कुछ हिस्से नई परत वाली सतह पर खराब हो गए और बाद में उनकी मरम्मत की गई। 2400 मिमी प्रति किमी के निर्धारित खुरदरेपन के मूल्य को प्राप्त करने के लिए, 26.10 किमी में फिर से ओवरले किया जाना है।

(ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) जलपाईगुड़ी द्वारा निरीक्षण किया गया है और इसके अलावा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना को विस्तृत फुटपाथ जांच करने के लिए नियुक्त किया गया है।

(घ) एनएचएआई, कार्य के लिए कार्यान्वयन एजेंसी ने संविदा करार के प्रावधानों के अनुसार ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस और क्योर पीरियड नोटिस जारी किया है।

(ङ) निम्न स्तर के राजमार्ग मरम्मत के मामलों में सड़क प्रयोक्ताओं को मुआवजा देने का कोई तंत्र नहीं है।

(च) एनएचएआई की निरंतर निगरानी के तहत ठेकेदार द्वारा नियमित अंतराल पर सुधार कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा, एनएचएआई ने मौजूदा ठेकेदार के जोखिम और लागत पर मौजूदा अनुबंध के दायरे में शेष कार्य को निष्पादित करने के लिए बोलियां भी आमंत्रित की हैं।

**अनुलग्नक**

उत्तर दिनाजपुर में एनएच-27 पर मरम्मत कार्यों की खराब गुणवत्ता के संबंध में श्री कार्तिक चन्द्र पॉल द्वारा दिनांक 02-04-2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 6312 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| क्र.स. | कार्य का नाम | निष्पादन एजेंसी | अनुबंध मूल्य ( करोड़ रुपये में ) | आरंभ करने की तिथि | पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिम बंगाल राज्य में एनएच-31 (नया एनएच-27) दलखोला-घोषपुकुर पर विविध मरम्मत का काम। | एनएचएआई | 8.86 | 25.04.2023 | 30.03.2024 |
| 2 | एनएच-31 (नया एनएच-27) का किमी 447 से किमी 551 तक दालखोला-इस्लामपुर-घोषपुकुर खंड ( इस्लामपुर बाईपास को छोड़कर) का सुधार और नियमित रखरखाव | एनएचएआई | 136.48 | 10.06.2024 | प्रगति के अधीन |

*****